स्पर्धा • उच्च शिक्षा विभाग की ओर से मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज बलौदाबाजार में किया गया 2 दिवसीय क्षेत्रस्तरीय आयोजन

बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कसडोल और महिला में महासमुंद की टीम ने मारी बाजी

भास्कर न्यूज़ | बलौदाबाजार

बैडमिंटन विजेता महिला टीम शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय महासमुंद को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान करती प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय।

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार द्वारा दो दिवसीय क्षेत्र स्तरीय बैडमिंटन महिला व पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 15 व 16 अक्टूबर को किया गया। बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता में लवन, पलारी, कसडोल, बसना, भाटापारा, सरायपाली, पिथौरा, बैकुंठ, कोहका, सिमगा, बलौदाबाजार, महासमुंद, बिलाईगढ़, बागबहरा एवं बैडमिंटन महिला प्रतियोगिता में पलारी, महासमुंद (कन्या), बसना, भाटापारा, सरायपाली, बैकुंठ, कोहका, सिमगा, पीजी महाविद्यालय महासमुंद, बटगन, बिलाईगढ़ एवं शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार की टीमों ने भाग लिया। महिला वर्ग के प्रथम मैच सरायपाली एवं बसना के बीच हुआ जिसमें सरायपाली की टीम विजेता रही। द्वितीय मैच कन्या बलौदाबाजार एवं भाटापारा टीम के मध्य हुआ जिसमें कन्या बलौदाबाजार की टीम विजेता रही। तृतीय मैच कन्या महासमुंद एवं पलारी के मध्य हुआ जिसमें कन्या महासमुंद की टीम विजेता रही। चतुर्थ मैच सिमगा एवं पीजी महासमुंद के मध्य हुआ जिसमें पीजी महासमुंद की टीम विजेता रही। पंचम मैच सरायपाली एवं बिलाईगढ़ के मध्य हुआ जिसमें सरायपाली की टीम विजेता रही। छठवा मैच कन्या बलौदाबाजार एवं कोहका के मध्य हुआ जिसमें कन्या बलौदाबाजार विजेता रही। मैच पश्चात प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा बैडमिंटन विजेता (महिला) टीम शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय, महासमुंद एवं बैडमिंटन उपविजेता टीम शासकीय महाविद्यालय सरायपाली को जनभागीदारी अध्यक्ष डिगेश्वरी नामदेव द्वारा ट्राफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान की गई। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में विजेता टीम शासकीय महाविद्यालय कसडोल को राजकमल मिश्रा एवं पुरुष उपविजेता टीम शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय को डॉ. विकास साहा द्वारा ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

भाटापारा को हराकर कसडोल ने जीता फाइनल

फाइनल मैच भाटापारा एवं कसडोल के मध्य हुआ जिसमें कसडोल विजेता एवं भाटापारा उपविजेता रही। विभिन्न महाविद्यालय से आये हुए खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार टीम की कु. ओनीशा ठाकुर व पुरुष वर्ग में तनिष्क साहू, शासकीय महाविद्यालय, कसडोल ने अच्छा प्रदर्शन किया।

महासमुंद की गर्ल्स टीम ने सरायपाली को दी शिकस्त

प्रथम सेमीफाइनल कन्या कॉलेज महासमुंद एवं पीजी महासमुंद में मध्य हुआ जिसमें कन्या महासमुंद की टीम विजेता रही। द्वितीय सेमीफाइनल कन्या बलौदाबाजार एवं सरायपाली के मध्य हुआ जिसमें सरायपाली विजेता रही। फाइनल मैच सरायपाली एवं कन्या महासमुंद में मध्य हुआ जिसमें कन्या महासमुंद विजेता एवं सरायपाली की टीम उपविजेता रही।

फुगड़ी में कक्षा तीसरी की अदिति ने मारी बाजी

विजेता छात्रा आदिति कंवर को अतिथियों ने दिया पुरस्कार।

बगबुड़ा। ग्राम स्तर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलो का आयोजन हुआ जिसमें फुगड़ी भी शामिल था। फुगड़ी में प्राथमिक स्कूल, पूर्व प्राथमिक शाला, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल में पढने वाले बालिकाओं की इस खेल की प्रतिभागी शामिल थे। जिसमें कोहरौद, धाराशिव, चिरपोटा, कुम्हारी स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं को पीछे छोड़ते हुए प्राथमिक शाला कक्षा तीसरी की बालिका आदिति कंवर ने फुगड़ी में जीत हासिल की।

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग
शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार
सत्र 2022-23
बलौदाबाजार - महासमुन्द परिक्षेत्र स्तर
बैडमिंटन (महिला /पुरुष) प्रतियोगिता
दिनांक 15.10.2022 से 16.10.2022
आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता है...